CAL-01

December - Examination 2015

CAL Examination

अपभ्रंश साहित्य का इतिहास

Paper - CAL - 01

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश :–

1) यह प्रश्न पत्र तीन खण्डों 'अ', 'ब' और 'स' में विभाजित है।

10 x 2 = 20

सैक्शन – A

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/एक वाक्य में या अधिकतम 30 शब्दों मे दीजिए। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2(दो) अंक देय हैं।

1) (i) हिन्दी साहित्य की आधारभित्ति का अध्ययन करने के लिए किस भाषा और साहित्य का अध्ययन आवश्यक है?

(ii) साहित्यिक प्राकृत से किस नई भाषा के अंकुर फूटने लगे?

(iii) अपभ्रंश प्रबन्धकाव्य 'भविसयत्तकहा' के सर्वप्रथम प्रकाशन का श्रेय किसे है?

(iv) भारतीय आर्य भाषाओं की जननी किसे कहा जाता है?

(v) लोकभाषा की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?

(vi) जैनकवियों द्वारा रचित किन्हीं तीन मुक्तक काव्यों के नाम लिखिए।

(vii) परवर्ती अपभ्रंश का समय कौनसा है?

(viii) ''1000 ई. के पश्चात् अपभ्रंशों की राह होती हुई प्राकृत परिवर्तित होकर आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ बन गई।'' यह कथन किसने किया?

(ix) हिन्दी की कितनी विभाषाएं हैं?

(x) पण्डित चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' ने अपभ्रंश को किस नाम से सम्बोधित किया है?

सैक्शन – B

4 x 10 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर अधिकतम 200 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 (दस) अंक देय है।

2) अपभ्रंश भाषा पर एक परिचयात्मक टिप्पणी लिखिए।

3) अपभ्रंश काव्य 'जंबूसामिचरिउ' का कथासार लिखिए।

4) 'चरिउकाव्य' किसे कहते हैं? प्रमुख तीन अपभ्रंश चरिउकाव्यों के तथा उनके रचनाकार कवियों के नाम लिखिए।

5) 'परवर्ती अपभ्रंश' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

6) 'हिन्दी पर अपभ्रंश छंदों का प्रभाव' संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

7) नव्य भारतीय आर्य भाषाएँ कब प्रकाश में आई, इनके नाम बताइये।

8) (अपभ्रंश पूर्व), प्राकृत के विभिन्न स्तरों को संक्षेप में समझाइये।

9) अपभ्रंश भाषा की विकास यात्रा समझाइए।

सैक्शन – C

2 x 20 = 40

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 500 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 (बीस) अंक देय हैं।

10) 'अपभ्रंश भाषा की समृद्धि में जैन कवियों का योगदान' – स्पष्ट कीजिए।

11) महाकाव्य की विशेषताए बताते हुए अपभ्रंश के किसी एक महाकाव्य का परिचय दीजिए।

12) अपभ्रंश भाषा का हिन्दी पर प्रभाव स्पष्ट कीजिए।

13) मुक्तक काव्य को स्पष्ट करते हुए 'पाहुडदोहा' पर प्रकाश डालिए।